Sixteenth Loksabha

an>

Ttile: Need to enhance the coverage of pathology services to check cancer.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला): मैडम, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत मोदी जी की सरकार ने विश्व की सबसे बड़ी योजना चलाई है और देश की जनता को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की हैं। भारत सरकार ने अमृत फार्मेसियों के कैंसर और कार्डियो वैस्कुलर बीमारियों की दवाओं के साथ-साथ कार्डियाक इम्प्लांट की दवाएं वर्तमान बाजार दरों के मुकाबले 60 से 90 प्रतिशत की रियायती दरों पर बेची हैं। भारत सरकार द्वारा संचाचित एवं गैर-संचारित रोगों को समूल समाप्त किये जाने के बावजूद भी भारतवर्ष में प्रतिवर्ष तम्बाकू से पैदा होने वाली और दूषित पर्यावरण के कारण पैदा होने वाली बीमारियों से वर्ष 2018 में 317928 महिला व पुरुष कैंसर से मर गये हैं। अभी हमने अंतर्राष्ट्रीय कैंसर दिवस मनाया है। भारत में कैंसर से प्रतिदिन 2500 लोग मर रहे है। हर 8 मिनट में एक महिला सर्वाइकल कैंसर से मर रही है। 2 ब्रेस्ट कैंसर से मर रही हैं। डब्ल्यू.एच.ओ. के ताजा आंकड़ों के अनुसार कैंसर रोग के सही समय पर पता न लगने के कारण यह रोग घातक स्टेज पर पहुंच जाता है। विश्व में 9.6 मिलियन लोग प्रतिवर्ष कैंसर से मर रहे हैं।

मैं स्वास्थ्य मंत्री जी से प्रार्थना करना चाहता हूं कि देश में पैथोलॉजी सर्विस के दायरे को और बढ़ाया जाए और कैंसर की रोकथाम के लिए अधिक अभियान चलाए जाएं।

मैं मंत्री जी के प्रति आभार प्रकट करना चाहता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में उन्होंने कैंसर हॉस्पिटल अम्बाला में दिया है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

डॉ. किरिट पी. सोलंकी को श्री रत्न लाल कटारिया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Yes, Shri Gaurav Gogoi.